चोरी ▶ सुरक्षा कर्मी को हथियार के बल पर बंधक बनाकर आयरन पाइप चोरी करने का आरोप

# कोयला खदानों में चोरी की घटनाओं से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल



**नवभारत, खैरहा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित खदानों में लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था और प्रबंधन की चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में स्टोर एवं वर्कशॉप क्षेत्र से तीन नग करीब 20 फीट लंबे आयरन पाइप चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर संबंधित प्रबंधन की ओर से खैरहा थाना प्रभारी को प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने के लिए आवेदन दिया गया है।

आवेदन के अनुसार घटना 17 सितंबर की सुबह करीब 4 बजे की बताई गई है। उस समय स्टोर/वर्कशॉप क्षेत्र में सुरक्षा कर्मी ददन सिंह की ड्यूटी लगी हुई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि करीब 15 से 20 अज्ञात लोग वहां पहुंचे और सुरक्षा कर्मी को हथियार के बल पर बंधक बना लिया। आरोप है कि बदमाशों ने सुरक्षा कर्मी के गले पर धारदार हथियार लगाकर जान से मारने की धमकी दी तथा सीटी बजाने, टॉर्च जलाने अथवा किसी को फोन करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी।

### सुरक्षाकर्मियों में भय

शिकायत के मुताबिक इसके बाद चोर मौके पर रखे आयरन पाइप में से तीन पाइप लेकर फरार हो गए। घटना के बाद खदान क्षेत्र में तैनात सुरक्षा कर्मियों के बीच भय का माहौल होने की बात कही गई है। प्रबंधन ने पुलिस से मामले की प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के साथ क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है।

### कबाड़ में बिक रही सामग्री

खदानों से निकलने वाली सामग्री और कबाड़ की चोरी को लेकर भी निगरानी और कार्रवाई की आवश्यकता महसूस की जा रही है। क्षेत्र में कबाड़ की दुकानों के खुलेआम संचालित होने की चर्चा के बावजूद संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई दिखाई नहीं देने को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। बताया जाता है जितने भी कबाड़ कालरी क्षेत्र से चोरी होते हैं वो बुढ़ार के चर्चित कबाड़ी बड्डे के ठीहा मे बिकते हैं जो एक लंबे समय से बुढ़ार थाना अंतर्गत कबाड़ की दुकान संचालित कर रहा है।

### हथियार के बल पर हो रही चोरी

सबसे गंभीर चिंता इस बात को लेकर है कि यदि शिकायत में लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो चोरों द्वारा हथियारों के बल पर सुरक्षा कर्मियों को धमकाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देना केवल संपत्ति की सुरक्षा का मामला नहीं, बल्कि कर्मचारियों की जान-माल की सुरक्षा से भी जुड़ा विषय है। खदानों में इस तरह की घटनाएं सुरक्षा व्यवस्था की प्रभावशीलता पर भी प्रश्न खड़े करती हैं।

### संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने की मांग

स्थानीय स्तर पर मांग उठ रही है कि पुलिस और खदान प्रबंधन संयुक्त रूप से संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी बढ़ाएं तथा चोरी की घटनाओं में शामिल लोगों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई करें। साथ ही कबाड़ कारोबारियों और चोरी की सामग्री की संभावित खरीद-फरोख्त की भी जांच की जाए। फिलहाल पुलिस कार्रवाई और जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि घटना में कौन-कौन लोग शामिल थे और चोरी की गई सामग्री कहां ले जाई गई।

# 135 मेधावी विद्यार्थियों को मिली स्कूटी की सौगात

▶ 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन का मिला सम्मान उच्च शिक्षा की राह होगी आसान



**नवभारत, शहडोल।** कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहडोल जिले के 135 मेधावी विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री स्कूटी योजना का लाभ मिला है। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और उनकी उच्च शिक्षा की राह आसान बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजना के तहत भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम का जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों एवं संबंधितों ने वर्चुअल माध्यम से सीधा प्रसारण देखा और सुना।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को योजना की सौगात दी गई। शहडोल जिले में योजना से लाभान्वित 135 विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री स्कूटी योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा 12वीं में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना तथा आगे की पढ़ाई के दौरान आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना है। स्कूटी मिलने से विद्यार्थियों को कॉलेज आने-जाने में सुविधा होगी और दूरस्थ क्षेत्रों से उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए नियमित अध्ययन जारी रखना आसान होगा।योजना के तहत कक्षा 12वीं में प्रथम प्रयास में न्यूनतम 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल करने वाले पात्र विद्यार्थियों को लाभ दिया जाता है। स्कूल शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभाग के शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालयों में नियमित रूप से अध्ययनरत विद्यार्थियों को योजना में शामिल किया गया है। सभी संकायों के विद्यार्थी इसके पात्र हैं।

### ई-स्कूटी के लिए 1 .20 लाख तक की राशि

मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत मोटराइज्ड स्कूटी के लिए अधिकतम 90 हजार रुपये तथा ई-स्कूटी के लिए अधिकतम 1.20 लाख रुपये तक की राशि प्रदान की जाती है। योजना का लाभ मिलने से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए आवागमन में आर्थिक एवं व्यावहारिक सुविधा मिलेगी।शहडोल जिले के 135 विद्यार्थियों के लिए यह उपलब्धि केवल पुरस्कार तक सीमित नहीं है, बल्कि आगे की शिक्षा के लिए प्रोत्साहन का माध्यम भी बनेगी। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने योजना को मेधावी विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने वाली पहल बताते हुए प्रदेश सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एक नजर में

### आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याएं राष्ट्रीय स्तर पर उठाने की मांग



**नवभारत, शहडोल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ की शहडोल जिला इकाई ने प्रदेश के लगभग 3 .50 लाख आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने की मांग की है। संघ के जिला अध्यक्ष श्रेयांश कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रदेश भर में हजारों आउटसोर्स कर्मचारी पिछले 10-15 वर्षों से शासकीय विभागों, निगमों, मंडलों, विश्वविद्यालयों और विभिन्न संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें सेवा सुरक्षा, नियमितीकरण और उचित वेतन नहीं मिल पाया है। कई कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन से भी कम पर काम कराया जा रहा है। श्रेयांश मिश्रा ने कहा कि आउटसोर्स व्यवस्था में कर्मचारियों का लगातार शोषण हो रहा है। ठेकेदारों द्वारा वेतन में कटौती और समय पर वेतन न देना आम बात हो गई है। उन्होंने बताया कि कई विभागों में कर्मचारियों को वर्षों से हटाने की धमकी देकर काम लिया जा रहा है, जिससे उनमें असुरक्षा की भावना बनी हुई है।

बिजली की लाइन में सेंध, सरकारी केबल पर किसने मारी कैंची?

### चरकवाह वार्ड-19 में केबल चोरी की शिकायत से मचा हड़कंप रामलखन गोंड पर आरोप

**नवभारत, ब्यौहारी।** बिजली विभाग की लाइन में सेंधमारी की शिकायत ने चरकवाह वार्ड-19 में हलचल मचा दी है। आरोप है कि पूर्व विद्युत वितरण कंपनी की लाइन से केबल निकालकर चोरी किया गया। शिकायत में रामलखन पिता रामप्रसाद सिंह गोंड का नाम सामने आया है। मामला सामने आने के बाद सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर विभागीय लाइन से केबल गायब कैसे हुआ और इस पूरे मामले में जिम्मेदारी किसकी है? शिकायत के मुताबिक चरकवाह वार्ड-19 में विद्युत लाइन से संबंधित केबल चोरी किए जाने की बात सामने आई है। आरोप है कि लाइन से केबल निकालकर उसे निजी उपयोग में लेने का प्रयास किया गया। यदि जांच में शिकायत सही पाई जाती है तो मामला महज तार चोरी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि विद्युत विभाग की संपत्ति को नुकसान और विद्युत व्यवस्था से छेड़छाड़ का गंभीर मामला बन सकता है।

# सदस्यता सत्यापन के अंतिम दिन गरमाया माहौल

**नवभारत, धनपुरी।** एसईसीएल के सोहागपुर एरिया में 14 सितंबर से शुरू हुआ सदस्यता सत्यापन का कार्य 16 सितंबर को समाप्त हो गया। चार दिनों तक चले इस सदस्यता सत्यापन के दौरान क्षेत्र की कोयला खदानों में अधिकांश स्थानों पर प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न होने की बात सामने आई, लेकिन अंतिम दिन एरिया महाप्रबंधक कार्यालय में सामने आई स्थिति ने पूरे सदस्यता सत्यापन को विवादों के घेरे में ला दिया। भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ और एटक से जुड़े पदाधिकारियों के बीच कथित तौर पर कहासुनी के बाद गाली-गलौज तक मामला पहुंचने से कार्यालय का माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया। बताया जा रहा है कि सदस्यता सत्यापन के अंतिम दिन एरिया महाप्रबंधक कार्यालय में दोनों संगठनों से जुड़े लोगों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते यह विवाद तीखी बहस और कथित गाली-गलौज में बदल गया।

### महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचा मामला

विवाद के बाद भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ की ओर से मामले को एरिया महाप्रबंधक के समक्ष उठाया गया। संगठन के एक पदाधिकारी द्वारा पूरे घटनाक्रम की शिकायत करते हुए संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। महाप्रबंधक ने कार्मिक प्रबंधक को 72 घंटे के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

### पुलिस तक पहुंची शिकायत

महाप्रबंधक कार्यालय तक सीमित रहने वाला यह विवाद अब पुलिस तक भी पहुंच चुका है। भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ की ओर से थाने में शिकायत किए जाने की जानकारी है। शिकायतकर्ता महेंद्र पाल सिंह ने कथित तौर पर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस को दी गई शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है।

**जांच के नतीजे पर टिकी निगाहें**-फिलहाल पूरे मामले में दो स्तर पर जांच की स्थिति बन गई है। एक ओर एरिया महाप्रबंधक के निर्देश पर कार्मिक विभाग द्वारा 72 घंटे में विभागीय स्तर पर जांच रिपोर्ट तैयार की जानी है, वहीं दूसरी ओर पुलिस शिकायत के आधार पर भी मामले की पड़ताल कर रही है।

# बास्केटबॉल में शहडोल की चमक बरकरार, मैदान में दिखा खेल कौशल

▶ 240 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हुए सम्मानित



**नवभारत, शहडोल।** 70वीं शालेय राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2026-27 के अंतर्गत 17 वर्ष आयु वर्ग बालक एवं बालिका प्रतियोगिता का शनिवार को गुड शेफर्ड कॉन्वेंट स्कूल मैदान में भव्य समापन हुआ। चार दिनों तक चले इस राज्य स्तरीय आयोजन में प्रदेश के विभिन्न संभागों से पहुंचे खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल, तकनीकी दक्षता और अनुशासन का शानदार प्रदर्शन किया।

समापन समारोह की मुख्य अतिथि विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल में हार-जीत सिक्के के दो पहलू हैं। खेलोगे-कूदोगे तो पहचान बनेगी। उन्होंने कहा कि शहडोल जिला खेलों के साथ-साथ गोंडी पेंटिंग और काष्ठ कला के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### छात्राओं ने दिखाए लाठी चालन के करतब

समापन समारोह में कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं ने आत्मरक्षा की विधा लाठी चालन का शानदार प्रदर्शन किया। प्रशिक्षक प्रमोद विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में छात्राओं ने लाठी चालन की विभिन्न तकनीकों और कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों को प्रभावित किया।

### 10 टीमों के बीच खेले गए 44 मुकाबले

जिला शिक्षा अधिकारी अतुल चौधरी ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के 9 संभाग तथा जनजातीय कार्य विभाग की एक टीम सहित कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया। टीमों को दो पूल में विभाजित किया गया था। प्रत्येक टीम ने चार लीग मैच खेले, जिसके आधार पर शीर्ष चार टीमों ने सेमीफइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में कुल 40 लीग मैच तथा चार सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। 240 खिलाड़ियों के साथ 44 कोच-मैनेजर शामिल। प्रतियोगिता में विभिन्न संभागों से आए 240 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनके साथ 44 टीम मैनेजर एवं कोच भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के संचालन में 21 स्टेट ऑफिशियल्स एवं रेफरी तथा विभिन्न विभागों की 15 समितियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# योग से शुरू हुआ दिन, मिलेट प्रतियोगिता में दिखा उत्साह

▶ खेल मैदान में दिखा महिलाओं और युवतियों का दम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



**नवभारत, शहडोल।** मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला शहडोल के तत्वावधान में स्व-सहायता समूह की सदस्यों एवं उनके परिवार की जेन-जी युवतियों के लिए खेलकूद, प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र कल्याणपुर में किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम प्रजापति के निर्देश एवं मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं और युवतियों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6 बजे महिलाओं के योगाभ्यास से हुई। इसके बाद कुर्सी दौड़, रस्साकसी, प्रश्नोत्तरी, मिलेट खाद्य प्रतियोगिता सहित विभिन्न पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। खेल मैदान में महिलाओं और युवतियों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

### विधायक मनीषा सिंह और अमिता चपरा ने किया शुभारंभ

कार्यक्रम की अध्यक्षता जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह ने की, जबकि जिला योजना समिति की सदस्य अमिता चपरा मुख्य अतिथि रहीं। इस दौरान संतोष लोहानी, भूपेन्द्र मिश्रा, नीलम चतुर्वेदी, रविन्द्र वर्मा सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि शासन-प्रशासन और जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं के समन्वय से शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए।

### प्रश्नोत्तरी में युवतियों ने दिखाया ज्ञान

मुख्य अतिथि अमिता चपरा ने जेन-जी युवतियों के साथ प्रश्नोत्तरी में सहभागिता की। प्रश्नोत्तरी में महिलाओं एवं युवतियों ने पूछे गए सवालों के सही उत्तर देकर अपनी जागरूकता और ज्ञान का प्रदर्शन किया।

# सेवा संकल्प में दिखा छात्राओं का हुनर

▶ चित्रकला में 150 और भाषण प्रतियोगिता में 30 छात्राओं ने लिया हिस्सा, विजेता छात्राओं ने बटोरी तालियां




**नवभारत, ब्यौहारी।** सेवा संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक शरद जुगलाल कोल, विकासखंड स्रोत समन्वयक मनोज केसरवानी, जनप्रतिनिधि अर्चना गुप्ता सहित अभिभावकों की उपस्थिति रही।

प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और अभिव्यक्ति क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। चित्रकला प्रतियोगिता में कुल 150 छात्राओं ने सहभागिता की। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर आकांक्षा त्रिपाठी, कक्षा 10 ने प्रथम स्थान, रुबी राठौर, कक्षा 9 ने द्वितीय स्थान तथा प्रियंका प्रजापति, कक्षा 12 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### भाषण में भी छात्राओं ने छोड़ी छाप

भाषण प्रतियोगिता में भी छात्राओं का उत्साह देखते ही बना। कुल 30 छात्राओं ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपने विचारों और वक्तृत्व कौशल का प्रभावी प्रदर्शन किया। इसमें सुखवर्षमा पटेल, कक्षा 12 ने प्रथम, खुशी साहू, कक्षा 10 ने द्वितीय तथा खुशी साकेत, कक्षा 9 ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# मंदिर की मूर्तियां, आभूषण, नकदी सहित 3 चोर गिरफ्तार



**नवभारत, शहडोल।** जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक शहडोल डॉ. संजय कुमार अग्रवाल द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में बुढ़ार पुलिस ने तीन चोरी की वारदातों का खुलासा किया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चोरी की गई करीब 40 हजार रुपये की संपत्ति बरामद की है।

बुढ़ार थाना पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थानों पर चोरी की घटनाएं सामने आई थीं। भुतही मोहल्ला स्थित मंदिर से पीतल की मूर्तियां एवं चांदी के आभूषण, इमली टोला स्थित राखड़ प्लांट से दो सीसीटीवी कैमरे तथा सरावगी ब्रदर्स दुकान से कैश पेटी, नकदी, चांदी के सिक्के एवं दस्तावेज चोरी किए गए थे। पुलिस ने जांच के दौरान संदिग्ध प्रदीप कोल पिता रामभुवन कोल उर्फ कल्लू, निवासी कुंवारपुर, थाना जनकपुर, जिला कोरिया (छत्तीसगढ़), हाल निवासी पड़रिया समदा टोला, थाना बुढ़ार को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

### बरामद संपत्ति की कीमत 40 हजार रुपये बताई

आरोपी की निशानदेही पर तीनों मामलों में चोरी की गई संपत्तिकृनकदी, चांदी के सिक्के, दस्तावेज, लकड़ी की कैश पेटी, मंदिर की मूर्तियां और दो सीसीटीवी कैमरेकृबरामद किए गए। बरामद संपत्ति की कुल कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई गई है। कार्रवाई के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# नुक्कड़ नाटक से योजनाओं का दिया संदेश, दिखाई विकास की तस्वीर

▶ अनकही कहानियों से कला जत्था दल ने अभिनय और संवाद से जगाई जागरूकता



**नवभारत, शहडोल।** सेवा संकल्प अभियान के तहत 'अनकही कहानियां' प्रकल्प के अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में कला जत्था दल द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने अपने अभिनय, संवाद और गीत-संगीत के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा मध्यप्रदेश में विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने यह संदेश दिया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचने से उनके जीवन में किस तरह सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। विभिन्न पात्रों और संवादों के माध्यम से योजनाओं के लाभ, पात्रता तथा आमजन के लिए उपलब्ध सुविधाओं को रोचक अंदाज में सामने रखा गया। कलाकारों ने मध्यप्रदेश में विकास के बढ़ते आयामों को भी अपनी प्रस्तुति का हिस्सा बनाया।

### अभिनय के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

कार्यक्रम में कला जत्था दल के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। संवाद, अभिनय, गीत-संगीत और प्रभावी मंचन के माध्यम से कलाकारों ने मनोरंजन के साथ जनजागरूकता का संदेश दिया। शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों एवं उपस्थित दर्शकों ने कलाकारों की प्रस्तुति को सराहा। आयोजकों के अनुसार 'अनकही कहानियां' प्रकल्प का उद्देश्य कला और संस्कृति के माध्यम से शासन की योजनाओं, उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी को आमजन तक सरल और प्रभावी तरीके से पहुंचाना है।

हुनर ▶ वुडन क्राफ्ट से कमा रहे 10 से 15 हजार रुपये महीना

# मजदूरी की मजबूरी छोड़ी, लकड़ी पर हुनर तराशकर बने आत्मनिर्भर



**नवभारत, शहडोल।** परिस्थितियां कितनी भी कठिन हों, सीखने और आगे बढ़ने का जज्बा हो तो सफलता की राह निकल ही आती है। खम्हरिया ग्राम पंचायत के पचड़ी गांव निवासी 32 वर्षीय संजीव कुमार बैगा की कहानी इसका उदाहरण है। बचपन में पिता का निधन होने के बाद मां ने उनका पालन-पोषण किया।

आर्थिक स्थिति के कारण 12वीं के बाद पढ़ाई छोड़कर उन्हें मजदूरी करनी पड़ी, लेकिन बेहतर जीवन की चाह बनी रही। इसी तलाश में संजीव छतवई स्थित संत रविदास हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम के प्रशिक्षण केंद्र से जुड़े। यहां उन्होंने करीब 100 दिन का वुडन क्राफ्ट प्रशिक्षण लेकर लकड़ी पर नक्काशी और कलाकृतियां बनाने का हुनर सीखा। मेहनत रंग लाई और उनकी बनाई प्रतिमाओं को बेहतर मूल्य मिलने लगा। वर्तमान में वे वुडन आर्ट से करीब 10 से 15 हजार रुपये प्रतिमाह कमा रहे हैं।

### पढ़ाई के साथ कला को बनाया भविष्य

संजीव ने वर्ष 2018 में बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय से समाजशास्त्र में स्नातक की पढ़ाई पूरी की और वर्तमान में एमएसडब्ल्यू कर रहे हैं। उन्होंने राजस्व निरीक्षक पद के लिए विशेषीकृत डिप्लोमा भी किया है, लेकिन अब वुडन आर्ट को ही अपना भविष्य बनाना चाहते हैं। छतवई की तरु शिल्प समिति से जुड़ने के बाद उनके उत्पादों को बाजार भी मिला। 34 सदस्यीय समिति में 18 लोग वुडन क्राफ्ट से जुड़े हैं। समिति का ट्रेडमार्क और पंजीयन होने के बाद ऑनलाइन बाजार तक पहुंच बनी है।

### मजबूरी बनी आत्मनिर्भरता की ताकत

हाल ही में 37 उत्पादों की मांग मिली, जिन्हें तैयार कर इंदौर भेजा गया। ऑनलाइन मांग बढ़ने के साथ प्रतिमाह करीब 50 से 60 उत्पाद तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्र प्रभारी एस.एस. पांडे के अनुसार संजीव अब प्रतिदिन 8 से 10 मूर्तियां तैयार करने में सक्षम हैं। उनकी लगन को देखते हुए राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन की तैयारी भी की जा रही है। संजीव की कहानी बताती है कि हुनर, प्रशिक्षण और मेहनत मिल जाए तो मजदूरी की मजबूरी भी आत्मनिर्भरता की ताकत में बदली जा सकती है।

### विद्यार्थियों को राकेश तिवारी ने दिया राष्ट्र निर्माण का संदेश

**नवभारत, धनपुरी।** सेवा, संकल्प और राष्ट्र निर्माण की भावना को विद्यार्थियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रेड रोज हाई सेकेंडरी स्कूल धनपुरी में राष्ट्रीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला महामंत्री ओमी सिंह करपेती एवं विद्यालय की प्राचार्य रुबिका सिद्दीकी मंचासीन रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राकेश तिवारी ने विद्यार्थियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन की 25 वर्षों की यात्रा सेवा, संकल्प और राष्ट्र निर्माण की भावना से जुड़ी रही है। उन्होंने कहा कि मजबूत और विकसित भारत का निर्माण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक और विशेष रूप से युवा पीढ़ी की सक्रिय भागीदारी से ही यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# 7 .14 करोड़ के छात्रावास पर कलेक्टर की नजर



▶ बाउंड्रीवॉल से लेकर खेल मैदान की गुणवत्ता और सुविधाएं जुटाने पर दिए सख्त निर्देश

**नवभारत, शहडोल।** जिला मुख्यालय में करीब 7.14 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन 100 सीटर पॉलिटेक्निक छात्रावास का कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन भवन के विभिन्न हिस्सों का जायजा लेते हुए कार्य की प्रगति और निर्माण में इस्तेमाल हो रही सामग्री की गुणवत्ता की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि छात्रावास निर्माण में निर्धारित मापदंडों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता की सामग्री का ही उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने परिसर में बाउंड्रीवाल का निर्माण कराने को कहा, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण मिल सके। कलेक्टर ने छात्रावास परिसर में पर्याप्त संख्या में पौधरोपण कराने के साथ विद्यार्थियों के खेलकूद के लिए बैडमिंटन और वॉलीबॉल कोर्ट विकसित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा परिसर में पर्याप्त एवं समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया, जिससे विद्यार्थियों को शाम और रात के समय भी आवागमन में परेशानी न हो।

### पढ़ाई के लिए भी बने बेहतर माहौल

छात्रावास में विद्यार्थियों के बैठने के लिए उपयुक्त बैठक व्यवस्था विकसित करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि छात्रावास केवल रहने की जगह न होकर विद्यार्थियों को अध्ययन और अन्य गतिविधियों के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने वाला परिसर होना चाहिए।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों और गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण की गुणवत्ता पर लगातार निगरानी रखने को कहा। छात्रावास का निर्माण पीआईयू द्वारा लगभग 714 लाख रुपए की लागत से कराया जा रहा है।